प्रादर्श प्रश्नपत्र
कक्षा – 12वीं
पशुपालन, दुग्ध प्रौद्योगिकी मत्स्य एवं कुक्कट पालन (430)

समय : 3:00 घण्टे | पूर्णांक – 75 अंक

निर्देश :–

1. सभी प्रश्नों को हल कीजिए। अनिवार्य है।
2. प्रश्न क्रमांक 08 से 17 तक के प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

निर्देश :– (अ) प्रश्न क्रमांक 01 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। इसमें तीन खण्ड हैं। खण्ड (अ) में बहुविकल्पीय प्रश्न, खण्ड (ब) में रिक्त स्थानों की पूर्ति वाले प्रश्न तथा खण्ड (स) में जोड़ी बनाने वाले प्रश्न हैं। प्रत्येक खण्ड में 05 प्रश्न है तथा प्रत्येक पर 01 अंक आबंटित है।

प्रश्न क्रमांक 1 :– **(खण्ड–अ)** सही विकल्प चुनकर लिखिए :–

(i) पूसा जायन्ट निम्न फसल की किस्म है – 1x5=5

(अ) मक्का (ब) ज्वार

(स) बरसीम (द) लूसर्न

(ii) जल में घुलनशील विटामिन है –

(अ) A (ब) B

(स) D (द) K

(iii) निम्न में से कौन निश्चेतक है –

(अ) क्लोरोफार्म (ब) फिटकिरी

(स) वाष्पशील तेल (द) हींग

(iv) मुर्गियों में Chazy Chick बिमारी की कमी से होती है –

(अ) विटामिन A (ब) विटामिन B

(स) विटामिन D (द) विटामिन E

(v) क्रीम सेपरेटर से क्रीम निकालने के लिए दूध का तापमान होना चाहिए –

(अ) 40°c (ब) 37°c

(स) 47°c (द) 32°c

प्रश्न क्रमांक 1 :– **(खण्ड–ब)** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :– 1x5=5

(i) गाय के घी का रंग हल्का पीला .... के कारण होता है।

(ii) C.L.R का पूरा नाम .... है।

(iii) मछलियों में श्वसन के लिये .... पाये जाते है।

(iv) भारत में मुर्गीपालन के लिये उत्तम विधि .... है।

(v) घी में ....% वसा होती है।

प्रश्न क्रमांक 1 :– **(खण्ड–स)** सही जोड़ी बनाइए :– 1x5=5

(क)	(ख)
(i) मक्खन में वसा प्रतिशत	(अ) 3-6%
(ii) मछली में प्रोटीन की मात्रा	(ब) 8%
(iii) संघनित दूध में वसा की मात्रा	(स) 12%
(iv) साफ्टी में वसा की मात्रा	(द) 81.3%
(v) अण्डे में बाहरी खोल की मात्रा	(इ) 13-22%

निर्देश :– (ब) प्रश्न क्रमांक 02 से 07 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 02 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द हैं)

प्रश्न :– 2 उत्पादन आहार की परिभाषा लिखिए। 2

प्रश्न :– 3 वाइरस (विषाणु) द्वारा होने वाले पशु के दो रोगों के नाम लिखिए। 1+1=2

प्रश्न :– 4 ब्यूटाइरो मीटर का क्या उपयोग है? 2

प्रश्न :– 5 दो देशी मछलियों के वैज्ञानिक नाम लिखिए। 1+1=2

प्रश्न :– 6 अण्डे के उत्पादन पर प्रभाव डालने वाले चार कारकों के नाम लिखिए। ½x4=2

प्रश्न :– 7 मुर्गियों के ग्रिट क्यों खिलाया जाता है? 2

निर्देश :– (स) प्रश्न क्रमांक 08 से 12 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 04 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द है)

प्रश्न :– 8 गाय की निम्न नस्लों को कोई चार–चार विशेषताएँ लिखिए 2+2=4

(i) साहीवाल (ii) सिन्धी

अथवा

पशु चिकित्सा में प्रयोग में आने वाले दो आयुर्वेदिक एवं दो एलोपैथिक दवाओं के नाम एवं उपयोग लिखिए।

प्रश्न :– 9 400 किग्रा0 भार वाली एक गाय जो प्रतिदिन 6 लीटर दूध देती है, के लिए एक दिन का शुष्क पदार्थ एवं दाने की मात्रा ज्ञात कीजिए। 4

अथवा

एक जमुनापारी बकरी जिसका शरीर भार 85 किग्रा0 है तथा 2.5 लीटर दूध प्रतिदिन दे रही है, इसके लिए एक दिन का शुष्क पदार्थ तथा दाने की मात्रा ज्ञात की कीजिए।

प्रश्न :– 10 कुल्फी की परिभाषा एवं उसका संघटन लिखिए। 2+2=4

अथवा

मक्खन की परिभाषा एवं उसका संघटन लिखिए।

प्रश्न :– 11 आदर्श कुक्कट आवास की कोई आठ विशेषताएँ लिखिए। ½x8=4

अथवा

इन्क्यूबेटर का उपयोग करते समय आवश्यक सावधानियाँ लिखिए। (कोई आठ)

½x8=4

प्रश्न :– 12 कृत्रिम विधि से अण्डे सेने के कोई दो लाभ एवं कोई दो हानियाँ लिखिए।

1x4=4

अथवा

मुर्गियों के खाद्य पदार्थ के चुनाव को प्रभावित करने वाले चार कोई कारक लिखिए।

निर्देश :– (द) प्रश्न क्रमांक 13 और 14 लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 05 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 150 शब्द है)

प्रश्न :– 13 पशुओं को आहार देने के कोई पाँच सिद्धांत लिखिए। 1x5=5

अथवा

भारत में साइलेज के कम प्रचलन के कोई पाँच कारणों का वर्णन कीजिए।

1x5=5

प्रश्न :– 14 मुर्गीयों में रानीखेत रोग का वर्णन निम्न शीर्षकों में कीजिए। 1+2+2=5

(क) कारण (ख) लक्षण (कोई चार) (ग) रोकथाम के दो उपाय

अथवा

फाउल पॉक्स रोग का वर्णन निम्न शीर्षकों मे कीजिए।

(क) कारण (ख) लक्षण (कोई चार) (ग) रोकथाम के दो उपाय

निर्देश :– (इ) प्रश्न क्रमांक 15 से 17 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 06 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 250 शब्द है)

प्रश्न :– 15 श्रीखंड निर्माण विधि को क्रमदर्शी आरेख (Flow chart) द्वारा समझाइए। 6

अथवा

मक्खन बनाने की वैज्ञानिक विधि का वर्णन कीजिए।

प्रश्न :– 16 मत्स्य के संरक्षण की तीन विधियों (उपायों) का संक्षेप में लिखिए। 2+2+2=6

अथवा

मत्स्य को दिए जाने वाले परिपूरक आहार, सूक्ष्मप्रावृत आहार एवं प्रजननों के आहार को संक्षेप में लिखिए।

प्रश्न :– 17 ब्यूटाइरोमीटर द्वारा दूध में वसा प्रतिशत ज्ञात करने की विधि का उल्लेख कीजिए।

6

अथवा

लेक्टोमीटर द्वारा दूध का आपेक्षित घनत्व ज्ञात करने की विधि का उल्लेख कीजिए।

———00———